CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 351 ▫ रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

महाकुंभ 2025

## मकर संक्रांति पर 2 करोड़ लोगों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी



**नई दिल्ली, 14 जनवरी (न्यूज चैनल)।** महाकुंभ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से अखाड़ों के साधु संतों का अमृत स्नान जारी है। इस बीच, सुबह दस बजे तक एक करोड़ 38 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन ने यह जानकारी दी। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतन गिरी जी महाराज ने कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुम्भ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुम्भ होने पर 144 साल बाद यह महाकुम्भ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुम्भ में स्नान का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। महानिर्वाणी और अटल अखाड़ा के बाद तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

इसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी चल रहे थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी। इन सभी के बीच निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे।

अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा, हम सात बज कर 15 मिनट पर स्नान घाट पर पहुंचे और सात बज कर 45 मिनट पर हमने स्नान कर घाट खाली कर दिया। आधे घंटे में निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के हजारों साधु संतों ने स्नान किया। निरंजनी अखाड़े के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के बाद संख्या बल में सबसे अधिक जूना अखाड़े और आवाहन अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इनमें जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। बारी बारी से तेरह अखाड़ों का अमृत स्नान शाम चार बजे तक पूरा होने की संभावना है।

## बोतल बम से जवानों पर हमला कर रहे नक्सली



**बीजापुर**, 14 जनवरी (हाईवे चैनल)। नक्सली हिंसा के खिलाफ सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। इससे बौखलाए नक्सली अब जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कांच की बोतलों से बम बनाकर उसे प्लांट कर रहे हैं। नक्सली कांच की बोतलों का उपयोग आईईडी बम के रूप में कर रहे हैं। बीजापुर जिले में पिछले दिनों जवानों को मिली आईईडी कांच की बोतलों से बनाई गई थी। वहीं, सुकमा जिले के तुमालपाड़, पुवर्ती समेत इसके आस-पास के इलाकों में भी यही बॉटल आईईडी मिल चुकी है। जांच में खुलासा हुआ कि नक्सली इन बोतलों को बम की तरह उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि जब इनमें विस्फोट होता है तो इससे कांच के टुकड़े जवानों को ज्यादा गंभीर रूप से घायल कर सकते हैं।

बीजापुर में बीते 9 जनवरी को मुरदंडा क्षेत्र में 2 आईईडी जवानों ने बरामद किए थे। इन्हें जवानों ने नष्ट भी कर दिया। इसी तरह 5 जनवरी को भी आवापल्ली-बासागुड़ा मार्ग पर भी जवानों ने 2 आईईडी बरामद कर इन्हें नष्ट कर दिया था। दोनों जगहों पर हर एक बोतल में बनाई आईईडी करीब 2-2 किलो वजनी थी। इन बॉटल आईईडी को नक्सलियों के नए हथियार के रूप में देखा जा रहा है।

## महादेव घाट सहित राजिम त्रिवेणी संगम में लाखों ने किया पुण्य स्नान





### पुण्य स्नान के बाद मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता

**रायपुर,** 14 जनवरी (हाईवे चैनल)। आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए महादेव घाट स्थित खारून नदी और राजिम त्रिवेणी संगम पहुंचे सुबह से ही लोग बड़ी संख्या में पहुंचते नजर आए वही स्थान के बाद मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना भी की आस्था और विश्वास से जुड़े इस पर्व को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है आज के दिन तिल दान का विशेष महत्व रहता है वही विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है.

छत्तीसगढ़ में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी रायपुर के महादेव घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की। वहीं राजिम के त्रिवणी संगम महानदी में लोगों ने सुबह-सुबह डुबकी लगाकर भगवान कुलेश्वर महादेव की पूजा की। इस दौरान लोगों ने तिल का दान भी किया। एक दूसरे को मकर संक्रांति पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

रायपुर के महादेव घाट में डूबकी लगाने पहुंचे स्थानीय लोगों ने बातचीत में कहा कि आज का दिन पवित्र माना जाता है। इस दिन गुड़, तिल का दान कर धूमधाम से त्योहार मनाते हैं। हर बार की तरह इस बार भी रायपुर के महादेवघाट पहुंचे हैं। घर में विशेष प्रकार के पकवान बनाए जा रहे हैं। पकवान, खिचड़ी और तिल-लड्डुओं का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। परिवार के साथ मिलकर पतंगबाजी कर आनंद ले रहे हैं।

पूरे प्रदेश में लोग जमकर पतंग उड़ा रहे हैं। बच्चे-बूढ़े, जवान सभी मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। मकर संक्रांति आज 14 जनवरी को मनाई जा रही है। इस दिन खरमास समाप्त हो जाता है और सभी शुभ कार्य फिर से आरंभ हो जाते हैं। इस दिन सूर्य राशि परिवर्तन करके पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं। धार्मिक दृष्टि से यह दिन स्नान और दान पुण्य के कार्य के लिए सबसे शुभ माना जाता है।

## नवजात शिशु का मिला कटा शव, इलाके में मचा हड़कंप



बिलासपुर, 14 जनवरी (हाईवे चैनल)। न्यायधानी बिलासपुर के मेडिकल कॉलेज सिम्स के बाजू वाली सड़क किनारे नवजात शिशु का आधा कटा शव मिला है. रिवर व्यू रोड के फुटपाथ पर नवजात के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. इसकी सूचना लोगों ने डायल 112 की टीम को दी. पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. आशंका जताई जा रही है कि कुत्तों द्वारा शव सड़क पर लाकर छोड़ा गया होगा. घटना स्थल के एक ओर सिम्स और दूसरी ओर अरपा नदी है. ऐसे में इन्ही जगहों से शव लाए जाने की आशंका है. बहरहाल सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## दिल्ली के नारायणा गांव में लोहड़ी का उत्सव मनाने पहुंचे पीएम



**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली के नारायणा गांव में इस बार लोहड़ी का त्योहार खास तरीके से मनाया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां के लोगों से मिलकर उनकी खुशियों में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने न केवल लोहड़ी का जश्न मनाया, बल्कि ग्रामीणों से बातचीत भी की और उनके बीच सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उनका यह दौरा गांववासियों के लिए यादगार बन गया और उन्होंने इस अवसर पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। नारायणा गांव में लोहड़ी के पारंपरिक उत्सव को मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद यहां पहुंचकर किसानों, श्रमिकों, और गांववासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और उनके जीवन में समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए यह भी सुनिश्चित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है। उन्होंने खास तौर पर किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, और प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आतिशी के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर ने एफआईआर दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री पर निजी उद्देश्यों के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, पीडब्ल्यूडी के एक सरकारी वाहन से कथित तौर पर आप के चुनाव कार्यालय में चुनाव प्रचार सामग्री पहुंचाई गई।




**चूहा- सुनती हो, मीसा यादव कह रही हैं आज मकर संक्रांति से राजनीतिक शुभ कार्य शुरू हो जाएगा।**
**चुहिया- हां जी, उनको महाकुंभ में पहले पुण्य स्नान कर लेना चाहिए!**

## राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को मिली 31 मार्च तक अंतरिम जमानत, 11 साल बाद आएंगे जेल से बाहर



**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (न्यूज चैनल)। राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने जोधपुर रेप केस मामले में दोषी आसाराम को 75 दिन की अंतरिम जमानत दे दी है। मंगलवार को जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर ने कहा कि आसाराम 31 मार्च 2025 तक जेल से बाहर रहकर अपना इलाज करवा सकेंगे। इस दौरान आसाराम को अपने किसी भी अनुयायी से मिलने की अनुमति नहीं होगी। न ही वे मीडिया में कोई बयान जारी सकेंगे। 24 घंटे वह 3 पुलिसकर्मियों की निगरानी में रहकर अपना इलाज पूरा करवा सकेंगे।

आसाराम के वकील आर. एस. सलूजा ने 8 जनवरी को हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए यह अर्जी दाखिल की थी, जिस पर आज 6 दिन बाद फैसला आया है। 86 साल के आसाराम को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसमें हृदय रोग सबसे अहम है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने इसी को आधार मानते हुए अंतरित जमानत मंजूर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत की शर्तों पर राजस्थान हाईकोर्ट ने भी आसाराम को अंतरिम जमानत दे दी है। बता दें कि अप्रैल 2018 में निचली अदालत ने जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से बलात्कार के मामले में आसाराम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### 20 से ज्यादा राज्यों में कोहरे, शीतलहर का अलर्ट, 18 तक स्कूल बंद

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली-एनसीआर में आज शीतलहर के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। हालांकि धूप खिली हुई है, लेकिन ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उत्तर भारत के कई राज्यों, जैसे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश में घने कोहरे का असर दिखा। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फीली हवाओं और बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ड्डस्ड्ड) ने अगले तीन दिनों तक देश के 20 से ज्यादा राज्यों में कोहरे, बारिश और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के कुकुमसेरी में तापमान -12.3एष्ट और ताबो में -10.9एष्ट रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गाजियाबाद में ठंड के कारण 8वीं तक के स्कूल 18 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 16 से 19 जनवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## अब हम पहले जैसे नहीं, हर कोई की हमें दोस्त बनाने में दिलचस्पी



### जयशंकर ने स्पेन में किया भारत के प्रभुत्व का जिक्र

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (न्यूज चैनल)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ते संबंधों की सराहना की है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस के साथ मैड्रिड में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, विदेश मंत्री ने भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूत प्रगति और बहुमुखी विकास पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने साझा किया कि स्पेन के विदेश मंत्री द्वारा एक वैश्विक सम्मेलन में देश के राजदूतों को संबोधित करने के लिए उनका निमंत्रण एक ऐतिहासिक क्षण है।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि किसी विदेशी राजदूत को स्पेन के वैश्विक राजदूतों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस पर विचार करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि यह निमंत्रण विश्व मंच पर भारत की स्थिति के महत्व को दर्शाता है।

जब कोई विदेश मंत्रालय और दूसरे देश के राजदूत आपसे आकर उनसे बात करने के लिए कहते हैं, तो यह सोचने लायक है कि क्यों। जयशंकर ने कहा, आज भारत की स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री ने भारत की आर्थिक ताकत और नेतृत्व पर प्रकाश डाला और देश को वैश्विक बातचीत में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज, हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।